

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

**उत्सव** • शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

# दिखाई छत्तीसगढ़ी संस्कृति, बालीवुड गीतों पर थिरके

भास्कर न्यूज | कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नृत्य, गीत के साथ नाटक प्रस्तुत किए। छात्राओं ने 26 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य कर प्रदेश की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। मंच पर मेधावी छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

मंच पर पंजाबी डांस के अलावा बालीवुड गीतों पर नृत्य की धूम रही। एनएसएस छात्राओं ने बारहमासी नृत्य किया। अर्चना ने रंगीला मारो... पर नृत्य किया। पेमिका, चंचल ने छत्तीसगढ़ी डांस किया। साइकिल से आया टूरा गीत पर निशा, अमृता ने नृत्य प्रस्तुत किया। गौरी पोया ने छत्तीसगढ़ी गीत पर पारंपरिक नृत्य किया। जानकी एवं खुशबू ने पंजाबी डांस किया। पेमिका, बरखा के अलावा भानमती, रीना तुलसी, अनुराधा एवं नीता ने रीमिक्स पर ग्रुप डांस किया। बेटी बचाओ पर अर्चना ने संदेश परक गीत प्रस्तुत किया। एनएसएस से जुड़ी छात्राओं ने महिला उत्पीड़न तथा स्वच्छता पर नाटक प्रस्तुत किया। दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने प्रतिभागियों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया।



कांकेर। कन्या कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## कॉलेज में प्रथम आने वाले होंगे पुरस्कृत

कॉलेज जनभागीदारी समिति के सदस्य तथा विधायक प्रतिनिधि कमला गुप्ता ने कहा कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल बनाने ध्यान दिया जाएगा। विशेष अतिथि शाहवाड़ा के मन्नाराम ने कहा जो भी इस वर्ष कॉलेज में प्रथम आएगा वे उन्हें पुरस्कृत करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य सीआर पटेल ने भी छात्राओं को संबोधित किया। मंच संचालन प्रो. सुनील साहू ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक बी समुंद, आरपी टंडन, जेके बारले, डीआर टंडन, अजय पटेल, मनोज गोटी, क्षमा ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर मंच से मेधावी छात्रा अनुराधा नेताम, कृति कुंजाम, खेलकूद के लिए सविता, एनएसएस की निशा कोरेटी को सम्मानित किया गया।

Scanned with CamScanner

**आयोजन**

# इन्दरू केंवट में हुआ सांस्कृति व साहित्यिक कार्यक्रम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कांकेर. शासकीय इन्दरू केंवट कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के आदेशानुसार तथा प्रभारी प्राध्यापक डां आर पी टंडन के संयोजन एवं निर्देशन में महाविद्यालय के छात्राओं का विकास हेतु सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों व्यक्ति का आयोजन किया गया। कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डां रश्मि सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ व्यक्ति विकास भी बहुत जरूरी है। जिसका प्रतिमाह के दूसरे शनिवार को आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित विधा में विषय आधारित कार्यक्रम हुआ, जिसमें निबंध का विषय लैंगिक असमानता- कारण और निदान। तात्कालिकन भाषण, रंगोली स्वच्छता थीम साथ ही सांस्कृतिक एवं प्रेरणा गीत नुक्कड़ नाट हर एक वाट मूल्यवान है। क्वीज कान्टेस्ट एवं वाद-विवाद जिसका विषय रहा इस सदन की राय में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद विकास की ओर अग्रसर है। इस विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी कला एवं प्रतिभाओं का सुन्दर प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण में खुशबू देवांगन, द्वितीय वंदना सिंह, गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंद्रमणी पटेल, द्वितीय स्थान भुनेश्वरी दुग्गा रहे। इसी तरह वाद-विवाद में प्रथम कविता वट्टी, द्वितीय संगीता सोरी, क्विज प्रतियोगिता में विजेता टीम बी रही, जिसमें कमलेश्वरी निषाद, कविता जैन से हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में अनुराधा नेताम प्रथम एवं जगबाई भास्कर द्वितीय रही। निबंध में प्रतियोगिता में प्रथम कीर्ति कुंजाम एवं द्वितीय स्थान पर निर्मला नायक रही। कार्यक्रम का सफल संचान प्रोपेसर अजय कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो सुनील साहू, डी आर टण्डन, मनोज गोटी, गौरीशंकर बघेल, प्रीति पटेल सहित महाविद्यालय के स्टाफ व छात्राएं उपस्थित थी।



## ताइकांडो में मिला तीन गोल्ड मेडल

अलग-अलग जिलों में 17 वें राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी बेहतर प्रदर्शन कर विभिन्न मेडल व स्थान प्राप्त कर लौटे है। इस सफलता में जिलाशिक्षा अधिकारी सहित खेल शिक्षकों ने बधाई दी है। खेल विभाग के संजय जैन ने बताया कि बालोद जिला में 14 से 17 अक्टूबर तक ताइकांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में खिलाड़ियों को तेरह मैडल मिला, जिसमें तीन गोल्डन, चार सिल्वर और पांच ब्राउस मिला। इस टीम में कोच लखन लाल साहू , मैनजर प्रियंका साहू थे। इसी तरह कबीर धाम 14 वर्ष बालक खो-खो स्पर्धा 13 से 16 अक्टुबर तक आयोजित हुआ, इस स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त किए, 14 वर्ष खो-खो बालिका में तीसरा स्थान मिला। इस टीम के साथ जनरल मैनेजर भूषण शर्मा, कोच डां मंजू शर्मा, गौरी शंकर गेवार्य थे। जगदलपुर में 13 से 16 अक्टुबर तक बालिका अण्डर 19 कबड् डी स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किए।

पत्रिका अखबार, दिनांक 23.10.17 पेज नं. 12

Scanned with CamScanner

जागरूकता • इंदरू केंवट कन्या कॉलेज की रासेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम शाहवाड़ा में हुआ

# नाटक के जरिए स्वच्छता, नशा मुक्ति का दिया संदेश

भास्कर न्यूज़ | कांकेर

इंदरू केंवट कन्या कॉलेज की रासेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम शाहवाड़ा में आयोजित किया गया है। इसमें स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता तथा कचरा प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीणजनों की मातृभाषा छत्तीसगढ़ी भाषा की गौरव और सम्मान बढ़ाने सभी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत की गई। तात्कालिक नाट्य में ग्रामीण स्वच्छता अभियान, बाजार हाट स्वच्छता, बस स्टाप एवं रेलवे स्टेशन स्वच्छता, विद्यालय स्वच्छता, सामुदायिक परिसर स्वच्छता पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महिला संगठन, स्वसहायता समूह, युवा मंडल, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, नेहरू युवा केंद्र युवा, कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय युवा योजना का योगदान रहा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो अजय कुमार पटेल, सत्या साहू, रेखा साहू, गौरी बाई, डॉ. क्षमा ठाकुर, प्रीति पटेल, वंदना विश्वकर्मा, रातूला आचले, दिशा कुरेटी, निरूपा शोरी, प्रियंका साहू, मेनका साहू, पेमिका नेताम आदि उपस्थित थे।



कांकेर। ग्राम शाहवाड़ा में लोगों को नाटक के माध्यम से छात्रों ने जागरूक किया।

Scanned with CamScanner

**किया याद** • इन्दरू केंवट शासकीय कन्या कॉलेज में गो ग्रीन और कल्चरल फेस्ट के साथ मनाया गया सद्भावना दिवस

# गो-ग्रीन थीम पर हुईं प्रतियोगिताएं, छात्राओं ने बनाई रंगोली

भास्कर न्यूज | कांकेर

इन्दरू केंवट शासकीय कन्या कॉलेज में राजीव गांधी की जयंती पर गो-ग्रीन और कल्चरल फेस्ट और संभाग स्तरीय शतरंज खेल एवं सद्भावना रासेयो खेल के साथ सद्भावना दिवस मनाया।

मुख्य अतिथि एआर थिटे ने खेल को जीवन का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी एक विधा चुन लो उसके बाद उसमें आगे बढ़ो आपके पास असीम संभावनाएं हैं। खासकर लड़कियों के लिए पूरी दुनिया में परचम लहराने का मौका है। गो-ग्रीन थीम पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण में नरवा, गरुवा, घुरवा और बाड़ी की महत्ता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 'से नो टू प्लास्टिक' अभियान, प्लास्टिक-फ्री कांकेर विषय पर वाद-विवाद का आयोजन हुआ। कल्चरल फेस्ट के तहत एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। पर्यावरण के बदलते स्वरूप पर क्विज किया गया।

रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता की गई। सद्भावना रासेयो खेल में मोन-केमोन, साथी खोजो, लीडर पहचानों, कबड्डी, खो-खो, फगडी



कांकेर। पर्यावरण संरक्षण को लेकर छात्राओं ने बनाई रंगोली।

## भाषण प्रतियोगिता में लीना रहीं अव्वल

भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे जल संकट व संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें प्रथम विजेता लीना कोसमा, द्वितीय चेतन प्रसाद, तृतीय फलेश्वर साहू रहे। दोपहर 12 बजे जीवन में प्लास्टिक की उपादेयता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा चित्रकला, गायन, नाटक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. वीके रामटेके, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज राव, डॉ. एसआर बंजारे, डॉ. केआर धुरव, डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ. बसंत नाग, प्रो. शरद ठाकुर, डॉ. एलआर सिन्हा, डॉ. कमला ठाकुर आदि थे।

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल द्वारा किया गया। प्राचार्य डा. सीआर पटेल द्वारा सद्भावना शपथ दिलाई गई एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. मनोज कुमार, वीके रामटेके, नवीन कुमार सिंह, चंद्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner